फ्लू का खतरा मोल न लें। आज ही टीकाकरण करवाएँ।

सर्दियों के इस मौसम में, मुफ्त फ्लू वैक्सीन लगवाकर अपनी संतान को गंभीर बीमारी से बचाने में मदद करें।

फ्लू का टीका क्यों लगवाएँ?

फ्लू गंभीर हो सकता है, खासकर बच्चों के लिए। 6 महीने और उससे अधिक आयु के हर व्यक्ति को वार्षिक फ्लू वैक्सीन लगवाने की सलाह दी जाती है।

शिशुओं और बच्चों को फ्लू से विशेष सुरक्षा की आवश्यकता होती है, और यह टीका बचपन में लगाए जाने वाले अन्य नियमित टीकों की तरह ही महत्वपूर्ण है। यह उन्हें फ्लू के सबसे आम स्ट्रेन्स (किस्मों) से बचाने में मदद करता है।

टीका आपकी, आपके परिवार और समुदाय की सुरक्षा करता है। यह गंभीर बीमारियों और फ्लू से संबंधित जटिलताओं के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। पात्र प्राथमिकता समूहों के लिए यह टीका निःशुल्क है।

निःशुल्क फ्लू टीका निम्नलिखित के लिए उपलब्ध है:

- 6 महीने से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आपके डॉक्टर (जीपी) या लोकल काउंसिल इम्युनाइजेशन सर्विस (स्थानीय परिषद टीकाकरण सेवा) से।
- 6 महीने और उससे अधिक आयु के एबोरिजनल (आदिवासी) और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों के लिए
- 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के वयस्कों के लिए
- गर्भवती महिलाओं के लिए (गर्भावस्था के किसी भी चरण पर)
- कुछ ऐसी विशेष चिकित्सीय स्थितियों वाले व्यक्तियों के लिए जिनसे गंभीर फ्लू का जोखिम बढ़ जाता हो।
- टीकाकरण कहाँ करवाएँ

VICTORIA State Government

टीकाकरण कहाँ करवाएँ

आप निम्नलिखित से अपना फ्लू का टीका लगवा सकते हैं:

- स्थानीय डॉक्टर (जीपी)
- स्थानीय एबोरिजनल (आदिवासी) समुदाय नियंत्रित स्वास्थ्य संगठन (एबोरिजिनल कम्युनिटी कंट्रोल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन)
- स्थानीय परिषद टीकाकरण सेवा
- 5 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए फार्मासिस्ट

फ्लू का टीका लगवाने के लिए अपने नजदीक किसी स्थान का पता लगाएं

फ्लू का जोखिम मोल न लें। वार्षिक फ्लू टीके की सहायता से अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

घर से तत्काल देखभाल करने के आपके विकल्प

यदि आपको घर पर या कहीं और से तात्कालिक स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता है तो:

- वर्चुअल इमरजेंसी केयर एक मुफ्त 24/7 सेवा है जो आपको आपके कंप्यूटर या मोबाइल से एमर्जेंसी डॉक्टर (आपातकालीन चिकित्सक) या नर्स से जोड़ती है। वर्चुअल इमरजेंसी केयर के लिए विक्टोरियन वर्चुअल इमरजेंसी डिपार्टमेंट में परामर्श के लिए पंजीकरण (रजिस्टर) करें।
- यदि आप किसी से फोन पर बात करना चाहते हैं, या आपको इस बारे में सलाह चाहिए कि आपको आगे चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए या नहीं, तो 1300 60 60 24 पर नर्स-ऑन-कॉल से संपर्क करें। सहायता दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध है।
- यदि आप जीवन को संकट में डालने वाली किसी स्थिति में हैं और आपको अभी आपातकालीन देखभाल की आवश्यकता है, तो ट्रिपल ज़ीरो (000) पर कॉल करें या अपने निकटतम एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट (आपातकालीन विभाग) में जाएँ।

VICTORIA
State Government